राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने आईटी दिवस पर सम्मानित श्री सावलानी का किया अभिनंदन

जयपुर, 21 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन में कार्यरत सूचना सहायक श्री दिनेश सावलानी को आईटी दिवस पर सम्मानित किए जाने पर उनका अभिनंदन किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राजभवन में ऑनलाइन सॉफ्टवेयर विकसित करने के लिए उनकी सराहना की। राज्यपाल ने उन्हें ई–गवर्नेन्स राजस्थान अवार्ड मिलने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे भी इसी प्रकार निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करते रहेंगे।

———